संख्या- 6/2020/ 6238/71-1-2020-जी-202/2016

प्रेषक,

अमित सिंह बंसल,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 24 जनवरी, 2020

विषयः- वित्तीय वर्ष 2019-20 में राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़, आगरा, अम्बेडकर नगर, प्रयागराज में स्थापित उपकरणों के अनुरक्षण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2019/138/639, दिनॉक 23-12-2019, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2019/626, दिनॉक 23-12-2019, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2019/615, दिनॉक 19-12-2019, पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2019/599, दिनॉक 16-12-2019 तथा पत्र संख्या-एम0ई0/पर्चेज/2019/579, दिनॉक 10-12-2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेजों में स्थापित उपकरणों के अनुरक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मेडिकल कालेज, झॉसी हेतु "अनुरक्षण" मद में प्राविधानित धनराशि रू0 24,00,00,000.00 के सापेक्ष धनराशि रू0 3,45,65,203.00 (रू0 तीन करोड़ पैतालिस लाख पैसठ हजार दो सो तीन मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है-

क्र0	मेडिकल कालेज का नाम	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	मेडिकल कालेज, आजमगढ़	एम0आर0आई0 व ओ0पी0डी0 रजिस्ट्रेशन काउंटर	कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं यू0पी0एस0 की सी0एम0सी0 मरम्मत तथा एच0आई0एस0 साफ्टवेयर की रिलोडिंग, अपग्रेडेशन तथा सर्वर के साथ कन्फीगेशन हेतु	14,03,062.00
2	मेडिकल कालेज, आगरा	एनेस्थीसिया एवं पीडियाट्रिक विभाग	बन्द पड़े वन्टीलेटर्स की मरम्मत तथा आवश्यक कन्ज्यूमेबिल आइटम्स के क्रय एवं सी0एम0सी0 हेतु	42,93,339.00
3	मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर	विभिन्न विभागों हेतु	विभिन्न उपकरणों की मरम्मत, ए0एम0सी0 एवं सी0एम0सी0	2,63,06,370.00
4	मेडिकल कालेज, प्रयागराज	ट्रामा सेन्टर	वेन्टीलेटर्स की मरम्मत एवं आवश्यक कन्ज्यूमेबिल आइटम्स के क्रय हेतु	5,22,682.00
5	मेडिकल कालेज, आगरा	सर्जरी विभाग	सर्जरी विभाग एवं एलाइड स्पेशियलिटीज ब्लाक के सभी तलों पर स्थित माड्यूलर ओ0टी0 में एयर कन्डीशनिंग के वार्षिक अनुरक्षण संचालन हेतु	20,39,750.00
			योग-	3,45,65,203.00

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग सुसंगत वित्तीय नियमों, स्टोर परचेज रूल्स एवं समय -समय पर जारी किये गये शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा धनराशि के सद्व्यय हेतु संबंधित प्रधानाचार्य/निदेशक पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

4- स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जबकि उपकरणों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए तथा नियमानुसार औचारिकताएं पूर्ण कराकर कार्य कराया जाये। स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0 अथवा बैंक खाते में नहीं रखी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-"2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0376-राजकीय मेडिकल कालेजों में चिकित्सीय सेवाओं का संचालन-29-अनुरक्षण" के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 दिनॉक 22 मार्च, 2019 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(अमित सिंह बंसल)
विशेष सचिव

संख्या:- 6/2020/ 6238 (1)/71-1-2020 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, आजमगढ़, आगरा, अम्बेडकर नगर तथा प्रयागराज।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, आजमगढ़, आगरा, अम्बेडकर नगर तथा प्रयागराज।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, आजमगढ़, आगरा, अम्बेडकर नगर तथा प्रयागराज।
6- नियोजन अनुभाग-4
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- संबंधित समीक्षाधिकारी/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।